राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

स्काउट–गाइड राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव बांसवाड़ा में आयोजित
जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा में लाने के लिए सभी मिल कर करें कार्य – राज्यपाल

जयपुर, 24 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि जनजातीय समुदाय की नैसर्गिक प्रतिभाओं को विकास के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा में लाने और इनके समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए सभी को मिल कर कार्य करना होगा।

राज्यपाल श्री मिश्र बांसवाड़ा में आयोजित स्काउट–गाइड राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव में रविवार को यहां राजभवन से ऑनलाइन सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के तौर पर जनजातीय कल्याण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनजातीय समुदाय ने आजादी के आंदोलन में जो भूमिका निभाई, उसे कभी कोई भुला नहीं सकता। जनजातीय समुदाय भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ा हुआ है। इसे देखते हुए कला, संस्कृति और शिल्प वैभव से जुड़े जनजातीय समुदाय के कार्यों और परम्पराओं का व्यापक स्तर पर संरक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजभवन द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में विकास से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निरंतर मॉनिटरिंग की जाती है।

राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय समुदाय के उत्थान और उनके सर्वांगीण विकास की सामूहिक सोच के साथ देश में 15 नवम्बर, 2021 को ''जनजाति गौरव दिवस'' घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि जनजातियों के सशक्तिकरण के लिए देशभर में की जा रही पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं परन्तु अभी इस दिशा में और अधिक प्रयास करने की जरूरत है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' की सोच के साथ भारत स्काउट और गाइड संगठन ने विश्व भर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि स्काउट–गाइड संगठन से जुड़े छात्र–छात्राएं धर्म, जाति, संप्रदाय, रूप–रंग और लिंग भेद से ऊपर उठकर मानव मात्र की सेवा को ही अपना परम ध्येय मानकर कार्य करते हैं। उन्होंने विभिन्न जनजातीय अंचलों से आए स्काउट–गाइड्स का राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव आयोजित करने के लिए राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संगठन को बधाई दी। उन्होंने स्काउट–गाइड संगठन से जनजातीय समुदाय की रूढ़ियों और कुरीतियां को दूर करने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने 4 जनवरी से 10 जनवरी 2023 तक पाली जिले के रोहट कस्बे में 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन देश के विभिन्न राज्यों के और सार्क देशों के स्काउट्स एवं गाइड्स के साथ जनजातीय क्षेत्रों के प्रतिभावान बालक–बालिकाओं को भी सहभागिता करने का अवसर मिलना चाहिए।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड संगठन के राज्य मुख्यायुक्त और पूर्व मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य ने अपने सम्बोधन में संगठन की गतिविधियों, कार्यों और आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए स्काउट–गाइड ने सांस्कृतिक, लोक नृत्य, बैण्ड वादन और पिरामिड की अद्भुत प्रस्तुतियां दी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए स्काउट–गाइड को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए और उपस्थितजनों को संविधान की उद्देश्यिका और मूल कर्तव्यों का वाचन भी करवाया।

कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल, बांसवाड़ा के जिला कलक्टर श्री प्रकाश चंद शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार मीना सहित गणमान्यजन, स्काउट और गाइड प्रत्यक्ष एवं ऑनलाइन उपस्थित रहे।

––––––––––